23/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई नीतिगत कदम उठाए गए, जिनमें 2016 में नेशनल SC-ST हब की स्थापना भी शामिल है। ईटानगर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के मेगा जागरूकता कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि देशभर में एमएसएमई क्षेत्र सात करोड़ से अधिक उद्यमों और इक्तीस करोड़ लोगों को समर्थन देता है। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने और उन्हें आर्थिक प्रगति में भागीदार बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री ने जोते में उद्यमिता विकास संस्थान का वर्चुअल उद्घाटन भी किया, जिससे अरुणाचल प्रदेश में स्टार्टअप और एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000000000

दोइमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय द्वारा राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के साथ अपनी शैक्षणिक और संस्थागत साझेदारी को नविकृत किया है।

इस संबंध में एक नए समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत में युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह सहयोग वर्ष 2020 से जारी है। नए समझौते के तहत प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास, कौशल विकास, नवाचार, अनुसंधान और जागरूकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवाओं की रोजगार एवं नेतृत्व क्षमता को और मजबूत किया जा सके।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कालिङ मोयोङ ने रविवार को असम की जनता से सुशासन, विकासोन्मुख नीतियों और लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने असम के बिस्वनाथ ज़िले में 'मन की बात' कार्यक्रम के एक सौ इक्तीसवीं संस्करण में भाग लेते हुए कहा कि असम और अरुणाचल प्रदेश दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण दोनों राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में असम की जनता एक बार फिर भाजपा को ही समर्थन देगी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक - ASI की लोहित जिले में जंगली हाथी के हमले में मृत्यु हुई। सुनपुरा पुलिस थाने

में तैनात चालीस वर्षिय ASI मार्तिन लेगो गत शनिवार सुबह लगभग दस बजकर तीस मिनट पर अपने दो साथियों के साथ लोहित नदी किनारे गए थे, तभी उनका सामना एक जंगली हाथी से हुआ। पुलिस द्वारा अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियाङ जिले के पासीघाट में 'ग्रामीण समृद्धि के लिए औषधीय एवं सुगंधित पौधे: पूर्वोत्तर भारत में इस क्षेत्र के लिए रणनीतिक रोडमैप' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन का आयोजन पासीघाट कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री द्वारा शिलांग स्थित नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल, नई दिल्ली के नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड, ईटानगर स्थित नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय तथा सोसाइटी फॉर कंजरवेशन एंड रिसोर्स डेवलपमेंट फॉर मेडिसिनल प्लांट्स के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर पासीघाट विधायक तापी दाराङ ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000000000

लोङदिङ जिले के पोंगचाऊ हेलीपैड ग्राउंड में एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पोंगचाऊ एवं आसपास के गांवों के लगभग एक हज़ार तिहत्तर लोग लाभान्वित हुए।

यह शिविर जिला स्वास्थ्य समिति, लोङदिङ द्वारा 24 असम राइफल्स और NE-HEALS के सहयोग से आयोजित किया गया। यह पहल मुख्यमंत्री पेमा खांडू और स्वास्थ्य राज्य मंत्री बियुराम वाहगे के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। विधायक मोहेष चाई ने शिविर का उद्घाटन करते हुए नागरिक-सैन्य सहयोग की सराहना की। शिविर में विशेषज्ञ परामर्श, टीबी एवं गैर-संचारी रोगों की जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, PMJAY/CMAAY पंजीकरण तथा निःशुल्क दवाएं एवं चश्मे भी वितरित किए गए।

0000000000000000000000

वेस्ट सियाङ पुलिस की एंटी-ड्रग टीम ने दो अलग-अलग मामलों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें अरुणाचल प्रदेश पुलिस का एक हेड कांस्टेबल (SG) भी शामिल है। विशेष सूचना के आधार पर डीएसपी (मुख्यालय) ताबा बिरोय के नेतृत्व में टीम ने आलो स्थित किराए के एक मकान के पास हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया। उसके पास से पांच दशमलव चार आठ ग्राम संदिग्ध हेरोइन, छः दशमलव चार चार ग्राम गांजा, नब्बे हज़ार रुपये नकद, एक वाहन और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। एक अन्य मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी से 12.26 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त किए।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के कुरुङ-कुमे, अपर सुबनसिरी, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लेपा रादा, दिबाङ वैली, लोअर दिबाङ वैली, तिराप और लोङदिङ जिले के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग-अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की हैं।

000000000000000000000000